नगर स्तरीय अवस्थापना विकास खाता के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित कार्यों के सम्बन्ध में आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में समिति बैठक दिनांक 04.10.2021 का कार्यवृत्त।

नगर स्तरीय अवस्थापना विकास खाता की बैठक आयुक्त महोदय, बरेली मण्डल, बरेली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें निम्न सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. जिलाधिकारी, बरेली।
2. नगर आयुक्त, बरेली।
3. उपाध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।
4. जल निगम, बरेली के प्रतिनिधि।

नगर स्तरीय अवस्थापना विकास खाता के अन्तर्गत बरेली विकास प्राधिकरण में धनराशि रू0–4808.40 लाख उपलब्ध है। उक्त उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष रू0–10120.96 लाख के कार्य स्वीकृति हेतु प्रस्तावित हैं, जिनका विवरण निम्नवत् है :–

क्रम संख्या	कार्य का नाम	आगणन धनॉक (रू0 लाख में)
1	डेलापीर 100 फुटा रोड तिराहे से पीलीभीत रोड तिराहा तक 06 लेन सड़क चौड़ीकरण एवॅ सुदृढ़ीकरण का कार्य।	3331.82
2	रामपुर रोड पर झुमका तिराहा से मिनी बाईपास पास तिराहा की ओर 6.00 किमी0 लम्बाई में सड़क चौड़ीकरण व आर0सी0सी0 डिवाइडर निर्माण कार्य।	1536.00
3	शाहजहॉपुर रोड पर नकटिया नदी से इनवर्टिज यूनिवर्सिटी बड़े बाईपास तक डिवाइडर एवॅ सड़क चौड़ीकरण एवॅ सुदृढ़ीकरण कार्य।	3191.1[illegible]
4	डेलापीर चौराहे से एअरफोर्स तिराहे तक सड़क चौड़ीकरण में बाधक 33/11 केवी एच0टी0 लाईन तथा ट्रान्सफार्मर को षिफ्ट करने का कार्य।	1407.41
5	नकटिया नदी से इन्वर्टिज तक सड़क चौड़ीकरण में बाध्यक 33/11 केवी/एच0टी0 लाईन तथा ट्रान्सफार्मर शिफ्टिंग का कार्य।	654.62
	योग	10120.96

उपरोक्त कार्य बरेली शहर के विभिन्न राष्ट्रीय राज्य मार्ग विभिन्न शहरों से बरेली शहर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग हैं। इन सड़कों पर विभिन्न नगरों से आने वाले वाहनों की भारी संख्या के दृष्टिगत चौड़ीकरण का कार्य कराया जाना आवश्यक है। जिसके क्रम में नगर स्तरीय अवस्थापना विकास खाते के मद में प्रस्तावित धनराशि रू0–10120.96 लाख के कार्यों के सापेक्ष रू0–4808.40 लाख की धनराशि उपलब्ध है। संज्ञान में लाना है कि अभी इस वित्तीय वर्ष में लगभग 6 माह का समय अवशेष है, जिससे इस वित्तीय वर्ष की प्रगति को देखते हुए लगभग 50–60 करोड़ की आय होना सम्भावित है।

03/01/2022
सहायक अभियन्ता
बरेली विकास प्राधिकरण
(अनिल कुमार)

13/10/21 (विक्रम पाल...)
सहायक अभियन्ता
बरेली विकास प्राधिकरण

कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।

टिप्पणी एवं आदेश

बरेली शहर के विकास के दृष्टिगत समिति इस शर्त के साथ उपर्युक्त कार्य स्वीकृत हेतु संस्तुति करती है कि इस वित्तीय वर्ष व अगले वित्तीय वर्ष में उक्त मद के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों का भुगतान तभी किया जायेगा जब नगर स्तरीय अवस्थापना विकास खाते में धनराशि उपलब्ध होगी।

अधीक्षण अभियन्ता जल निगम, बरेली।	उपाध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।	नगर आयुक्त, नगर निगम, बरेली।	जिलाधिकारी, बरेली।

अनुमोदित

आयुक्त,
बरेली मण्डल, बरेली।

03/07/2021
सहायक अभियन्ता
बरेली विकास प्राधिकरण
(अनिल कुमार)

13/07/21 (विजय पाल सिंह)
सहायक अभियन्ता
बरेली विकास प्राधिकरण